हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 14 जुलाई 2026

11 निर्माण कार्य में अनियमितता, एसडीएम को विभागीय...



12 हिसार, अग्रोहा व टोहाना रोड पर बनेंगे भव्य स्वागत द्वार



## खबर संक्षेप

### हिसार-खड़की साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए

**हिसार।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिसार-खड़की-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने इस संबंध में आधिकारिक जानकारी साझा की है। मिली जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 04725/04726, हिसार-खड़की-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा के फेरों में बढ़ोतरी की गई है। इस विस्तार के तहत अब यह ट्रेन हिसार से 19 जुलाई को (01 ट्रिप) और खड़की से 20 जुलाई को (01 ट्रिप) संचालित की जाएगी। रेलवे के इस फैसले से इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को सीट उपलब्धता में बड़ी राहत मिलेगी।

### ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का 10 हजार का चालान

**हिसार।** जिले में यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ब्लैक फिल्म लगे वाहनों सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस चौकी पीएलए प्रभारी एएसआई अनूप द्वारा पीएलए मार्केट क्षेत्र में चेकिंग के दौरान ब्लैक फिल्म लगी एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रोककर 10 हजार रुपये का चालान किया गया। वाहन चालक की मौके पर ही ब्लैक फिल्म हटाई गई। पुलिस का कहना है कि वाहनों पर अवैध ब्लैक फिल्म लगाना मोटर वाहन अधिनियम एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन है।

### हमले का आरोपी दबोचा हथियार भी बरामद

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने सिर पर कसिये से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के धूलकोट निवासी नरेन्द्र के रूप में हुई है। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कसिया भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 10 जुलाई को सारंगपुर निवासी राहुल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह किसी कार्य से गांव तलवंडी बादशाहपुर गया हुआ था। इसी दौरान नामजद आरोपी ने शराब के नशे में उसके साथ कहासुनी करते हुए उसके सिर पर कसिये से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

### नाबालिग से रेप व पोक्सो एक्ट में आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बरवाला प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि इस मामले में बरववाला के वार्ड 10 निवासी आरोपी धर्मबीर उर्फ प्रमोद को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को पीड़िता की माता की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि नामजद आरोपी ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### साइबर ठगी पीड़ित को ₹60 हजार वापस दिलाए

**हिसार।** साइबर क्राइम थाना की टीम ने साइबर ठगी के पीड़ित को 60,000 रुपये की राशि वापस दिलाई है। इस संबंध में पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत की हुई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर क्राइम थाना हिसार के जांच अधिकारी एएसआई अनिल कुमार ने तुरंत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए संबंधित बैंक एवं अन्य संस्थाओं से समन्वय स्थापित किया। पुलिस के प्रयासों से पीड़ित के 60 हजार रुपये वापस बैंक खाते में जमा करवा दिए गए।

## भाखड़ा जल परियोजना पर हांसी में जनाक्रोश

# शहर में विरोध मार्च निकाल मांगा अपने हिस्से का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भाखड़ा पेयजल परियोजना का कार्य रुके होने से संभावित पेयजल संकट को लेकर सोमवार को हांसी में जनआक्रोश देखने को मिला। व्यापारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के हजारों नागरिकों ने शहर में विरोध मार्च निकालकर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने भाखड़ा जल परियोजना का कार्य तुरंत शुरू करवाने तथा हांसी शहर को उसके हिस्से का पेयजल बिना किसी देरी के उपलब्ध कराने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अजय सैनी ने कहा कि हांसी के नागरिक केवल अपने वैध हिस्से के पानी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरवासियों को चानौत गांव के अधिकारों से कोई आपत्ति नहीं है और वे चाहते हैं कि गांव को भी पर्याप्त पेयजल मिले।




हांसी। भाखड़ा जल परियोजना को लेकर शहर में विरोध प्रदर्शन करते भाखड़ा जल संघर्ष समिति के सदस्य।

### चानौत के लिए अलग पाइपलाइन का दिया सुझाव

उन्होंने सुझाव दिया कि यदि चानौत गांव के लिए अतिरिक्त जलापूर्ति की आवश्यकता है तो प्रशासन अलग 10 इंच अथवा 36 इंच की पाइपलाइन बिछाकर स्थायी समाधान करे, लेकिन हांसी शहर के लिए स्वीकृत मुख्य भाखड़ा पाइपलाइन परियोजना को किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि हांसी शहर और चानौत गांव के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं है तथा दोनों एक-दूसरे के अधिकारों और हितों का सम्मान करते हैं। उनका आरोप था कि कुछ राजनीतिक तत्व निजी हितों के चलते इस मुद्दे को अनावश्यक रूप से राजनीतिक रंग देकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

### बाधा डालने वाले जनप्रतिनिधियों का करेंगे बहिष्कार

प्रदर्शनकारियों ने परियोजना में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्य शुरू नहीं कराया गया और शहर के हिस्से का पानी लगातार रोका गया तो आगामी चुनावों में ऐसे जनप्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक तरीके से बहिष्कार किया जाएगा, जिन्हें इस परियोजना में बाधा का जिम्मेदार माना जा रहा है। विरोध मार्च के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर भाखड़ा जल परियोजना का कार्य तत्काल प्रभाव से दोबारा शुरू कराने तथा हांसी शहर को उसके हिस्से का पेयजल शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अजय सैनी, अनिल बंसल, बजरंग बंसल, अनिल चावला, पार्षद हरिराम सैनी, सुनील मंत्री, विनोद सैनी, नवीन ठाकुर सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य व नागरिक मौजूद थे।



## पेटवाड़ गांव ने संभाली चानौत धरने की कमान

# आज टी-कनेक्शन न दिया तो कल जींद के लिए रवाना होंगी महिलाएं

- पेटवाड़ के सरपंच बोले-17 जुलाई को प्रधानमंत्री से चानौत के लिए टी-कनेक्शन की करेंगे अपील

**हांसी।** चानौत गांव में भाखड़ा नहर की पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग को लेकर चल रहा ग्रामीणों का धरना सोमवार को 59वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को पेटवाड़ गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए धरने की कमान संभाली।

इस दौरान पेटवाड़ के सरपंच सतबीर दूहन ने कहा कि चानौत गांव की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है और सरकार को बिना किसी देरी के टी-कनेक्शन देकर ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते मांग पूरी नहीं की तो पेटवाड़ गांव से भी हजारों ग्रामीण जींद पहुंचेंगे और 17 जुलाई को प्रधानमंत्री के समक्ष चानौत गांव को टी-कनेक्शन देने की अपील करेंगे। इसी कड़ी में मंगलवार को कंवारी के ग्रामीण भी धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन देंगे। धरना समिति ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 14 जुलाई तक चानौत गांव को टी-कनेक्शन नहीं दिया गया, तो 15 जुलाई से गांव की महिलाएं जींद के लिए रवाना होना शुरू कर देंगी। समिति के अनुसार 15 जुलाई की शाम तक सैकड़ों महिलाएं जींद पहुंच जाएंगी, जहां वे प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान अपनी मांग को शांतिपूर्ण ढंग से उनके समक्ष रखने का प्रयास करेंगी। ग्रामीणों ने सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर आंदोलन का समाधान करने की मांग की।

# उमस और गर्मी ने दिनभर किया बेहाल शाम को बरसात के रूप में बरसी राहत

## 13 एमएम बारिश से किसान खुश, जलभराव से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई हल्की बारिश से गर्मी से राहत मिली है। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने मौसम को खुशनुमा बना दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। इससे पहले दोपहर तक भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। तेज धूप और उमसभरे मौसम के कारण लोग पसीने से तरबतर रहे, लेकिन दोपहर बाद राहत मिली। आईएमडी के अनुसार सोमवार शाम 7 बजे तक 13.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम पारा 38.9 व 28.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बरसात से खरीफ फसलों, विशेषकर कपास, बाजरा और धान की फसलों को सिंचाई की जरूरत कुछ हद तक कम हो गई। बारिश के बाद शहर के कई निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। कई कॉलोनियों और मुख्य सड़कों पर पानी जमा होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बारिश में ट्रैफिक व्यवस्था संभालती दिखी पुलिस



शहर में कई स्थानों पर जलभराव और यातायात का दबाव बढ़ने के बावजूद पुलिस के जवान शहर में पूरी मुस्तैदी के साथ सड़कों पर डटे रहे। यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख चौराहों, जलभराव वाले क्षेत्रों और व्यस्त मार्गों पर मोर्चा संभालते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। बारिश के कारण कई मार्गों पर जलभराव की स्थिति बनने के बावजूद पुलिसकर्मियों ने मौके पर रहकर वाहन चालकों को सुरक्षित मार्गों की जानकारी दी, यातायात को व्यवस्थित किया और जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए। इस दौरान एंबुलेंस सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित निकासी भी सुनिश्चित कराई गई।

### प्राइवेट बस कंडक्टर को पीटा नकदी व मोबाइल फोन छीना

**नारनौंद ।** मिर्चपुर के पास प्राइवेट बस को रुकवाकर उसके कंडक्टर के साथ मारपीट कर उसके साथ लूटपाट कर हजारों रुपये और मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद सहित दो अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गांव मिर्चपुर निवासी लोकेश ने बताया कि गांव बैलरखा निवासी रमेश गोयत की बस जींद से बरवाला रूट पर चलती हैं। वह उस बस पर कंडक्टर का काम करता है। दस जुलाई को बरवाला से सवारियां लेकर जींद के लिए चले थे। बस को भूरा निवासी मिर्चपुर चला रहा था। जब बस गांव मिर्चपुर से सवारियां उतार कर आगे निकली तो सुमित उर्फ अठा, बिजेंद्र उर्फ कांडा, कालू, हिमांशु, विक्की व दो अन्य युवक थे सभी हाथों में रॉड और हॉकी लिए हुए थे। नीचे उतरते ही सभी ने मेरे ऊपर वार करने शुरू कर दिए और गंभीर रूप घायल कर दिया और जाते समय मेरी जेब से 10 हजार रुपये ओर एक मोबाइल फोन भी छीन कर ले गए। जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर गए कि अबकी बार तो बच गया आगे तुझे नहीं छोड़ेंगे। राहगीर मुझे घर ले गए वहां से मेरे ताऊ का लड़का बिजेंद्र नारनौंद के सरकारी अस्पताल में लेकर गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया। वहां से भी अग्रोहा रेफर किया गया है। मिर्चपुर चौकी इंचार्ज खेता राम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# बरवाला में बनेगा 50 बेड का आधुनिक अस्पताल : गंगवा

- 65 .66 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को सीएम नायब सिंह सैनी ने दी स्वीकृति

**हिसार।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव और कस्बों तक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इसी कड़ी में हिसार जिले के बरवाला उप जिला अस्पताल परिसर में 50 बिस्तरों का नया एवं अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल निर्माण के लिए 65 करोड़ 66 लाख 52 हजार रुपये के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीकृति दे दी है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इस परियोजना की ड्रॉइंग पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है तथा निर्माण कार्य लोक निर्माण (भवन एवं सडक़ें) विभाग के माध्यम से राज्य बजट के अंतर्गत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 24 माह की अवधि में तैयार होने वाला यह आधुनिक अस्पताल बरवाला सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के हजारों लोगों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

### भैंस पकड़ने गए किसान की करंट से मौत

**हिसार।** गांव बाड़्या ब्राह्मण में रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय किसान राकेश की करंट लगने से मौत हो गई। राकेश अविवाहित था और खेतीबाड़ी करता था। पुलिस के अनुसार, रात को राकेश के प्लॉट में बंधी भैंस अचानक खुल गई थी। अंधेरे में उसे पकड़ने के प्रयास के दौरान राकेश का संतुलन बिगड़ गया और वह पास ही लगे ट्रांसफार्मर के तारों से जा टकराया। बिजली का जोरदार झटका लगने से वह जमीन पर गिर गया, जिससे उसका सिर सीधे एक ईंट से टकरा गया। करंट और सिर में आई गंभीर चोट के कारण परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सीवरेज चोक पर मेयर सख्त, खुद संभाला मोर्चा

# बड़वाली ढाणी व पुरानी सब्जी मंडी में सुपर सकर मशीनों से तुरंत खिंचवाया गंदा पानी

**हिसार।** शहर के बड़वाली ढाणी और पुरानी सब्जी मंडी चौक क्षेत्र में सीवरेज जाम के कारण हुए भारी जलभराव की समस्या पर मेयर प्रवीण पोपली ने कड़ा संज्ञान लिया है। सूचना मिलते ही मेयर वार्ड 8 से पार्षद रवि सैनी के साथ खुद प्रभावित इलाकों में पहुंचे और ग्राउंड जीरो का निरीक्षण किया। सड़क पर उतरे मेयर ने न सिर्फ स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर ही पब्लिक हेल्थ की टीम, सुपर सकर मशीनें और वाटर टैंकर बुलवाकर जलभराव की निकासी शुरू करवाई। मेयर की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली है।



### लापरवाही पर सीधे एक्शन की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान गलियों में जमा गंदे पानी को देखकर मेयर ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरे क्षेत्र के सीवरेज नेटवर्क का तकनीकी सर्वे करने के निर्देश दिए। मेयर पोपली ने दो टूक शब्दों में कहा किजनसेवा ही मेरा संकल्प और सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही के कारण जनता को परेशानी हुई, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्थायी समाधान के लिए बनेगा प्लान

मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केवल तात्कालिक राहत से काम नहीं चलेगा, बल्कि मानसून को ध्यान में रखते हुए ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम का व्यापक सर्वे कर एक समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। मौके पर मौजूद क्षेत्रवासियों ने मेयर के इस ऑन-स्पॉट एक्शन की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग को बहलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद ।** विशेष अभियान के तहत थाना बास पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं पोक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नामदेव उर्फ मणी, निवासी जिला श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब) के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि 5 अप्रैल 2026 को थाना बास में नाबालिग के परिजन की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया था। पीड़िता के न्यायालय में दर्ज कराए गए बयान तथा जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी नामदेव उर्फ मणी को पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब से गिरफ्तार कर लिया। एसआई संजय कुमार ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से मामले के विभिन्न पहलुओं पर गहन पूछताछ की जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



हिसार। मौके पर पहुंचे अधिकारियों से बात करते ग्रामीण।

# तीन दिन में टैंक भरने और पानी के समान बंटवारे के आश्वासन पर खोला किरतान जलघर का ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बीते कई साल से पानी की समस्या झेल रहे किरतान गांववासियों ने सोमवार को जलघर का ताला खोल दिया। मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर दिक्कत दूर करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। विभाग के एसडीओ आशीष, जेई विकास ने कहा कि तीन दिन में जलघर के टैंक पूरी तरह भर दिए जाएंगे और पानी का समान बंटवारा किया जाएगा। इसके इलावा यहां पर कार्यरत कर्मचारियों की 2 दिन में दूसरी जगह तबादला कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन करते हुए जलघर को ताला जड़ दिया था। ग्रामीण कपूर सिंह आर्य ने बताया कि नहर में पानी आए 3 दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक सिर्फ 3 फीट पानी टैंक में इकट्ठा हुआ है और गांव में बीते 15 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं दी गई है। ग्रामीण रोहताश लुहानीवाल के अनुसार सीसवाला पंप हाउस और जलघर में तैनात कर्मचारी जानबूझकर मोटर बंद रखते हैं और झूठ बोलकर अधिकारियों को गुमराह करते हैं कि एक दिन छोड़कर गांव में नियमित पानी सप्लाई दी जा रही है जबकि गांववाले 1000 रुपए प्रति टैंकर के हिसाब से पानी खरीद रहे हैं।

### ये लगाए आरोप

राजेश बुगालिया के अनुसार उनकी गली के लिए पास हुई लाइन को गांव के सरपंच ने अवैध रूप से खुद के घर के आगे लगवा लिया है और मुख्य लाइन से उसका कनेक्शन जोड़ लिया है। पूरे गांव में पीने के पानी की किल्लत है लेकिन सरपंच और जलघर में काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित रूप से पानी मिल रहा है। ग्रामीण सुरेश रेपसवाल, रजनीश बुगालिया, कृष्ण सहरावत, विनोद जांगड़ा, सतपाल जांगड़ा, विक्की धायल, रामभगत, मांगेराम शर्मा, दयानंद, मंजीत, विकास, संदीप, प्रेम का कहना है कि अगर विभाग ने व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो तीन दिन बाद फिर से जलघर को बंद करके यहां पर धरना शुरू किया जाएगा।

**स्मृति शेष** प्रख्यात उद्योगपति डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता, वरिष्ठ समाजसेवी नंद किशोर गोयनका नहीं रहे

# निष्ठावान स्वयंसेवक से लेकर अग्रोहा धाम के शिल्पकार तक, सेवा को समर्पित रहा नंद किशोर गोयनका का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

देश के प्रख्यात उद्योगपति डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता नंद किशोर गोयनका केवल एक प्रतिष्ठित उद्योगपति परिवार के मुखिया नहीं थे, बल्कि सेवा, संस्कार और सामाजिक समर्पण की ऐसी मिसाल थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र, समाज और धर्म के कार्यों को समर्पित कर दिया। 28 सितंबर 1930 को हिसार में जन्मे नंद किशोर गोयनका ने सादा जीवन जीते हुए स्वयं को व्यावसायिक गतिविधियों से दूर रखा और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता बनाया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान स्वयंसेवक थे और संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर सक्रिय रहे। उनके व्यक्तित्व की पहचान अनुशासन, सेवा और संगठन के प्रति समर्पण रही। नंद किशोर गोयनका के निधन से सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और वैचारिक क्षेत्र ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया है, जिसने जीवनभर सेवा, संस्कार और समाजहित को ही अपना ध्येय बनाए रखा। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।



### अग्रोहा धाम को दिलाई राष्ट्रीय पहचान

महाराजा अग्रसेन की ऐतिहासिक राजधानी अग्रोहा धाम के निर्माण और विकास में नंद किशोर गोयनका की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। वे अग्रोहा धाम के प्रमुख संस्थापकों में शामिल थे। उनकी दूरदृष्टि और सक्रिय प्रयासों से अग्रोहा धाम ने राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इसके विस्तार, विकास और धार्मिक गतिविधियों को गति देने में उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा।

### शिक्षा व गोसेवा को दी नई दिशा

नंद किशोर गोयनका ने सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वे श्री देवी भवन मंदिर गोशाला ट्रस्ट, हिसार के संरक्षक तथा श्री वैष्णव अग्रसेन गोशाला के अध्यक्ष एवं संरक्षक रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने फतेहचंद महिला महाविद्यालय के चेयरमैन और जीएनजी गोयनका स्कूल, पड़ाव चौक के संरक्षक के रूप में विशेष भूमिका निभाई। खासकर बालिका शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के विस्तार के लिए उनके प्रयास सराहनीय रहे। गोसेवा उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रही। उन्होंने गोसंरक्षण और गोसेवा से जुड़े अनेक कार्यों को बढ़ावा दिया तथा धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से इस अभियान को मजबूत किया। वैश्य समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए भी उन्होंने लगातार कार्य किया।

रोहतक,मंगलवार
14 जुलाई 2026

# हरिभूमि सहेली



महिलाओं के पास घर-परिवार की एक नहीं कई तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। परिवार के छोटे-बड़े सभी उन्हीं पर निर्भर रहते हैं, सबका ध्यान रखना होता है। इतना ही नहीं, घर की पूरी व्यवस्था भी उन्हें ही संभालनी होती है। इतनी सारी जिम्मेदारियों के बीच महिलाएं अपना ध्यान नहीं रख पातीं, जो उनके मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। ऐसे में महिलाएं होममेकर के साथ सेल्फमेकर भी बनें। वे दूसरों के साथ अपनी भी केयर करें, मी टाइम जरूर निकालें।

## होममेकर के साथ-साथ सेल्फमेकर भी बनें

कवर स्टोरी
प्रतिभा अग्निहोत्री

हमारे समाज में घर-परिवार की नींव महिलाओं के त्याग, मेहनत और प्यार पर टिकी होती है। घर की महिला सुबह तड़के उठने से लेकर रात सोने तक अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरतों को पूरा करने में लगी रहती है। बच्चों की देखभाल, परिवार के हर सदस्य की पसंद-नापसंद का ध्यान रखना, घर की व्यवस्था, बुजुर्गों की देखभाल, पूरे दिन वह अपनी जिम्मेदारियां निभाती है। यही वजह है कि महिलाओं को घर की 'होममेकर' कहा जाता है, क्योंकि पूरे परिवार की धुरी वही होती हैं। परिवार का हर सदस्य उनके ऊपर निर्भर रहता है। सवाल यह है कि क्या केवल परिवार की देखभाल करना ही एक महिला की पहचान है? क्या उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है? हर महिला का भी अपना एक आत्मसम्मान है, इसे उन्हें बनाए रखना चाहिए। इसके लिए महिलाओं को स्वयं हर संभव प्रयास करना होगा, पूरी तरह से जागरूक भी रहना पड़ेगा।

**खुद को पैंपर करें:** आज समय की मांग है, महिलाएं 'होममेकर' के साथ-साथ 'सेल्फमेकर' भी बनें। इसका अर्थ यह नहीं कि वे अपनी जिम्मेदारियों से दूर हो जाएं। वे घर-परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ अपने लिए भी कुछ समय निकालें, अपनी खुशियों को महत्व दें, सेल्फकेयर करना सीखें, दूसरों के साथ-साथ खुद को भी पैंपर करें, अपने अस्तित्व और पहचान के लिए जागरूक रहें। इसके लिए मोटिवेशनल और पर्सनालिटी ग्रूम करने वाली बुक्स पढ़ें। दोस्तों से मिलें या अकेले कुछ समय बिताएं। ऐसा करना स्वार्थी बन जाना नहीं है, यह अपने आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए जरूरी है।



**खुद की भी करें केयर :** अकसर देखा जाता है कि महिलाएं परिवार के हर सदस्य के स्वास्थ्य और पसंद का ध्यान रखती हैं, लेकिन जब बात खुद की आती है तो वे अपनी जरूरतों को पीछे कर देती हैं। घर में सबके लिए पौष्टिक खाना बनाने वाली महिलाएं कई बार खुद समय बचाने के लिए या फिर अपने मन का खाना बनाने में आलस्य कर जाती हैं, 'अरे अकेले के लिए क्या बनाना,' सोचकर कुछ भी खाकर अपना पेट भर लेती हैं। सभी के आराम का ध्यान रखने वाली महिलाएं थकान होने के बावजूद भी अपनी थकान को नजरअंदाज कर देती हैं। खुद को पीछे रखने की यह आदत धीरे-धीरे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं रहती, वे बीपी, शुगर और थायरॉयड जैसी बीमारियों का शिकार हो जाती हैं।

**अपनी खुशी भी है जरूरी:** चूंकि आप अपने परिवार की धुरी हैं, इसलिए यदि आप खुद स्वस्थ और खुश रहेंगी तो ही अपने परिवार को खुश रख पाएंगी। जिस प्रकार से हवाई जहाज में बैठते समय चोट लगने से बचने के लिए सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी जाती है, उसी प्रकार घर में किसी आपातस्थिति को आने से रोकने के लिए आपको अपने स्वास्थ्य और खुशी की सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। इसके लिए जरूरी है, परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ आप अपना भी वर्ष में एक बार हेल्थ चेकअप जरूर करवाएं।



**मी टाइम निकालें:** विश्व प्रसिद्ध टॉक-शो होस्ट ओपरा विंफ्रे के अनुसार, 'अपने जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि आप खुद को जानें और इसके लिए सबसे जरूरी है कि पूरे दिन घर में खटते रहने के बजाय आप अपने लिए भी कुछ समय निकालें, खुद के साथ कुछ समय बिताएं। इस समय में आप केवल अपनी पसंद का काम करें फिर वह चाहे योग, व्यायाम, किताब पढ़ने, संगीत सुनने, बागवानी करना, पेंटिंग करना, लिखने या किसी भी ऐसी हॉबी के लिए हो सकता है, जिससे आपको खुशी मिलती हो। वास्तव में हॉबी केवल समय बिताने का साधन नहीं होती, बल्कि अपनी हॉबी को पर्स्यू करने से एक सेटिस्फेक्शन मिलता है, जिससे आप अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती हैं और मन आत्मविश्वास से भर उठता है।

**स्किल को डेवलप करें:** प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति कहती हैं, 'एक महिला जब अपने अंदर के आत्मविश्वास को पहचान लेती है तो वह अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है।' आज का दौर सोशल मीडिया का है, जिसमें आप अपनी किसी भी स्किल को डेवलप करके उसे प्रोफेशनल टच दे सकती हैं या फिर सोशल मीडिया से भी कमाई कर सकतीं है। यदि आपको कुकिंग का शौक है तो इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर इन्हें शेयर करके अच्छी खासी अर्निंग कर सकती हैं। लेखन, कला, सिलाई, संगीत या जिस भी क्षेत्र में आपकी रुचि है, उसे डेवलप करके आप खुद के साथ-साथ समाज और अपने परिवार को भी एक नई पहचान दे सकती हैं।

**खुद को दें प्राथमिकता:** नागरिकों, विशेषकर महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली एलेनेर रूजवेल्ट ने कहा है, 'आत्मसम्मान हमारी अपनी सोच से बनता है।' खुद का खान-पान हो, हेल्थ हो या फिर कहीं जाने का अवसर हो, महिलाएं खुद को सबसे पीछे रखती हैं। विचारणीय प्रश्न है कि यदि आप ही स्वयं को प्राथमिकता नहीं देंगी तो दूसरे क्यों देंगे? इसलिए अपने प्रति अपनी सोच को उन्नत बनाएं और परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपनी थाली में भी पौष्टिक भोजन रखें, अपना भी हेल्थ चेकअप करवाएं, परिवार के साथ-साथ अपनी खुशी का ध्यान रखें। कभी-कभी दोस्तों के साथ भी घूमने जाएं। अपनी पसंद की भी डिश बनाएं, अपने मन की मूवी देखें, इस सबसे आपके अंदर डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा, जिससे आप तो खुश रहेंगी ही, साथ ही परिवार के सभी सदस्य भी खुश रहेंगे।

**आवाज उठाना सीखें:** महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई कहती हैं, 'हर महिला को अपनी पसंद, अपनी इच्छाओं और अपनी पहचान के लिए आवाज उठाने का अधिकार है।' कई परिवार वाले महिलाओं की भावनाओं और उनके काम की कद्र नहीं करते, ऐसे में अकसर महिलाएं खुद की भावनाओं और इच्छाओं से समझौता करना शुरू कर देती हैं। धीरे-धीरे उनकी सारी इच्छाएं और भावनाएं ही समाप्त हो जाती हैं। इससे बचने के लिए वे विनम्र और शालीन स्वर में अपनी बातें परिवार के सामने रखें, उन्हें समझाने का प्रयास करें। जरूरी है कि हर महिला खुद से वादा करे, इससे वह केवल दूसरों के सपनों को पूरा करने वाली नहीं, अपने सपनों को जीने वाली भी बनेगी। वह होममेकर जरूर बने, लेकिन इसके साथ ही अपनी जिंदगी की सेल्फमेकर भी बने। अपनी एक पहचान बनाए, सशक्त बने।

## अपने काम का श्रेय लेने में संकोच कैसा!


कुछ लोग किसी काम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर उसे बेहतर अंजाम देते हैं। लेकिन इसका श्रेय लेने में संकोच करते हैं। नतीजा यह होता है, दूसरे उनके काम का श्रेय ले लेते हैं। अपने काम और मेहनत का श्रेय लेने से चूके नहीं। यह आपकी उन्नति के लिए जरूरी है।

एडवाइस
मेघा राठी



अकसर यह देखा जाता है कि कई लोग अपने काम, मेहनत और उपलब्धियों के बारे में बोलने से संकोच करते हैं। उन्हें लगता है कि यदि उनका काम अच्छा होगा तो लोग स्वयं तारीफ करेंगे, लेकिन वास्तविकता उलट है, हर बार ऐसा नहीं होता। आपकी मेहनत का श्रेय कोई और ले जाता है। आप केवल 'विनम्र' बनी रह जाती हैं। इस तरह विनम्र बने रहना सही नहीं है। कुछ स्थितियों में अपने काम का उचित श्रेय लेना जरूरी है, क्योंकि यह केवल अहंकार की बात नहीं, आपके आत्मसम्मान, पहचान और भविष्य के अवसरों से जुड़ी बात है।

**चुप रहना क्यों गलत है:** बहुत से लोग यह सोचकर अपने योगदान का उल्लेख नहीं करते कि कहीं लोग उन्हें घमंडी न समझ लें, जबकि वे टीम में सबसे अधिक मेहनत करते हैं, दूसरों की मदद करते हैं, जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन जब परिणाम सामने आते हैं तब उनका कहीं नाम नहीं होता। धीरे-धीरे ऐसे होते रहना दूसरों के लिए सुविधा बन जाती है। लोग मान लेते हैं कि आप बिना पहचान चाहे भी काम करती रहेंगी। परिणाम यह होता है, आपकी मेहनत को कोई सम्मान नहीं मिलता और किसी दूसरे को अधिक योग्य समझा जाने लगता है।



**काम का श्रेय न लेने के दुष्प्रभाव:** यदि आप अपने योगदान को स्पष्ट नहीं करती हैं, तो लोग आपके काम का महत्व समझ ही नहीं पाते। कार्यस्थल हो, परिवार हो या सामाजिक जीवन, पहचान उसी की बनती है, जिसका योगदान दिखाई देता है। जब आप स्वयं अपने काम को नहीं बताएंगी, तब कई लोग आपके काम को अपना बताने लगते हैं। यह स्थिति मानसिक रूप से बहुत दुःख देती है, क्योंकि भीतर से आप जानती हैं कि मेहनत आपकी थी। लगातार अनदेखा किया जाना व्यक्ति के भीतर यह भावना पैदा कर देता है कि शायद उसका काम महत्वपूर्ण ही नहीं है। इससे आत्मविश्वास प्रभावित होता है, व्यक्ति अपनी क्षमता पर संदेह करने लगता है। काम की दुनिया में अवसर उसी को मिलते हैं, जिसकी उपलब्धियां सामने आती हैं। यदि आपकी मेहनत लोगों तक पहुंचेगी ही नहीं तो नई जिम्मेदारियां, पदोन्नति या सम्मान कैसे मिलेगा, ये किसी और को मिल सकते हैं। इसलिए इसमें संकोच नहीं करना चाहिए।

**अपने काम का श्रेय लेना अहंकार नहीं:** कई लोग श्रेय मांगने को अहंकार समझते हैं, जबकि दोनों में अंतर है। अहंकार वह है, जहां व्यक्ति दूसरों को छोटा दिखाकर स्वयं को बड़ा साबित करे। लेकिन अपने काम का उचित उल्लेख करना अपना आत्मसम्मान है। यदि आपने मेहनत की है, जिम्मेदारी निभाई है, किसी कार्य को सफल बनाया है तो यह बताना गलत नहीं कि उसमें आपका योगदान क्या था।

**श्रेय लेने का सही तरीका क्या हो:** सवाल यह है आप अपने काम का श्रेय कैसे लें? इसके लिए यह जरूरी नहीं है कि हर समय स्वयं की प्रशंसा करें। आप आवश्यकता पड़ने पर अपने योगदान को स्पष्ट और संतुलित तरीके से रखें। इसके लिए शांत और तथ्यात्मक भाषा का प्रयोग करें। दूसरों के योगदान को भी सम्मान दें। अपनी मेहनत को कम करके न दिखाएं। जहां जरूरी हो, वहां स्पष्ट रूप से कहें, 'इस कार्य में मेरा यह योगदान था।' यह ना भूलें कि अपने काम का श्रेय लेने का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब आप अपनी मेहनत को स्वीकारती हैं, तब भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। आपको महसूस होता है कि आपकी पहचान केवल दूसरों की स्वीकृति पर निर्भर नहीं है। आपको अपनी योग्यता पर यकीन होता है। जब लोगों को आपके योगदान का पता होता है, तब वे आपको नई जिम्मेदारियों और अवसरों के लिए योग्य मानते हैं। ❀

चाइल्ड डेवलपमेंट
दीपिका शर्मा

जब बच्चे का शारीरिक-मानसिक विकास सही ढंग से होता ना दिखे तो इसका कारण समझना जरूरी हो जाता है। भविष्य में बच्चे को कोई बड़ी समस्या न हो, इसलिए एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए कि कहीं बच्चा न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर का तो शिकार नहीं है।

## न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर जरूरी है समय पर पहचान

यदि किसी बच्चे को कोई मेंटल या फिजिकल प्रॉब्लम है, इसका पता समय रहते चल जाए तो इसे दूर करना आसान हो जाता है। इसकी एक अच्छी मिसाल है आठ वर्षीय आरव। उसे तीन वर्ष की आयु तक बोलने में कठिनाई थी। स्कूल जाने पर उसे पढ़ने-लिखने में भी परेशानी होने लगी। पैरेंट्स ने विशेषज्ञों से परामर्श लिया। जांच में पता चला कि वह न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से प्रभावित है। समय पर स्पीच थेरेपी, स्पेशल एजुकेशन और फैमिली सपोर्ट मिलने से उसकी स्थिति में काफी सुधार हुआ। स्पष्ट है कि समय पर बच्चों के विकार की पहचान हो जाए और उचित देखभाल हो तो बच्चा सुधर सकता है।



**बच्चे का डेवलपमेंटल पीरियड है बहुत महत्वपूर्ण:** विशेषज्ञों के अनुसार जीवन का शुरुआती डेवलपमेंटल पीरियड बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी दौरान बच्चे के मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र का तीव्र विकास होता है। यदि इस विकास प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है, तो बच्चे के सीखने, व्यवहार और सामाजिक कौशल पर प्रभाव पड़ सकता है।



**समय पर पहचान है जरूरी:** न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर ऐसे विकार हैं, जो मुख्य रूप से मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के विकास को प्रभावित करते हैं। इनकी शुरुआत प्रायः बचपन में होती है। इनके लक्षण बच्चे के विकास की गतिविधियों में दिखाई देते हैं। प्रत्येक बच्चे के विकास के कुछ माइलस्टोन होते हैं, जैसे मुस्कुराना, बैठना, चलना, बोलना, वस्तुओं को पकड़ना, दूसरों से संवाद करना और नई चीजें सीखना। यदि बच्चा इन माइलस्टोंस को अपेक्षित समय पर प्राप्त नहीं कर पाता, तो यह विकासात्मक देरी के संकेत होते हैं।


**ये हैं महत्वपूर्ण लक्षण:** न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से प्रभावित बच्चों में कई प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं। कुछ बच्चों को बोलने और भाषा समझने में कठिनाई होती है, जबकि कुछ बच्चों को पढ़ने-लिखने में समस्या आती है। कई बच्चे ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते, निर्देशों का पालन नहीं करते। कुछ बच्चों को दूसरों के साथ संवाद करने में भी परेशानी होती है।

**लक्षणों को न करें नजरअंदाज:** ऊपर बताए गए लक्षणों को केवल बच्चे की 'शरारत' या 'धीमे सीखने की क्षमता' समझकर अनदेखा करना उचित नहीं है। अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन (एपीए) की डीएसएम-5-टीआर के अनुसार न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर की प्रमुख श्रेणियों में एडीएचडी (ध्यान-अभाव एवं अतिसक्रियता विकार), ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट अधिगम विकार (जैसे डिस्लेक्सिया और डिस्कैल्कुलिया) संचार विकार शामिल हैं। ये विकार बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों, सामाजिक समायोजन, आत्मविश्वास और भविष्य के अवसरों को प्रभावित कर सकते हैं।

**क्या है सही उपचार:** इन विकारों का उपचार केवल दवाओं तक सीमित नहीं है। प्रारंभिक पहचान, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, विशेष शिक्षा, स्पीच और लैंग्वेज थेरेपी, व्यवहार चिकित्सा, परिवार और स्कूल का सहयोग बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजग रहें अभिभावक, शिक्षक और समाज:** आज आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक, शिक्षक और समाज बच्चों के विकासात्मक संकेतों के प्रति सजग रहें। न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर किसी बच्चे की कमजोरी नहीं है, बल्कि ऐसी परिस्थितियां हैं, जिनमें अतिरिक्त समझ, धैर्य और सहयोग की आवश्यकता होती है। सही समय पर सहायता, संवेदनशील दृष्टिकोण से ऐसे बच्चों को भी आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर दिया जा सकता है। ❀

**(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर नेहा से बातचीत)**



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## नाइट क्रीम से मिलेगा सॉफ्ट-नेचुरल ग्लो

दिन भर काम की व्यस्तता, तनाव, भाग-दौड़ वाली जीवनशैली और प्रदूषण की वजह से हमारी त्वचा बेजान हो जाती है। रात के समय स्किन खुद को रिपेयर करती है। इस दौरान नाइट क्रीम लगाना बेहद फायदेमंद होता है। इन दिनों बाजार में कई तरह की नाइट क्रीम उपलब्ध हैं, लेकिन अच्छी क्वालिटी की नाइट क्रीम आप घर पर ही आसानी से बना सकती हैं। ये आपकी ब्यूटी पर चार चांद लगाएंगे, सस्ते भी पड़ेंगे और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होगा।

**स्किन के लिए फायदेमंद:** नाइट क्रीम एक तरह की न्यूट्रीशस क्रीम होती है, जिससे मसाज करने पर त्वचा में नमी बढ़ती है। ये स्किन को ठंडा रखने वाला तत्व भी प्रदान करती है, जिससे स्किन कूल फील करती है। कई तरह की नाइट क्रीम को एंटी-एजिंग क्रीम की तरह भी इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि इनमें ऐसे तत्व भी मौजूद होते हैं, जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम कर सकते हैं।



**स्किन टाइप का रखें ध्यान:** नाइट क्रीम को यूज करने से पहले स्किन टाइप का ध्यान रखना जरूरी है। यह उन महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद होती है, जिनकी स्किन नॉर्मल या ड्राय होती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है या आपके चेहरे पर मुंहासे, फुंसी या रैशेज जल्दी हो जाते हैं तो इसका उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऑयली स्किन को क्रीम से मसाज करने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो इससे स्किन के पोर्स बंद हो जाते हैं और ब्लैक हेड्स या कील-मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप 25 साल की उम्र के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कैसे करें अप्लाई:** रात को सोने से पहले स्किन को साफ करने के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले चेहरे पर नाइट क्रीम लगाकर अच्छी तरह से मालिश करनी चाहिए। आप अपनी गर्दन पर भी नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**नॉर्मल-ऑयली स्किन के लिए:** नॉर्मल और ऑयली स्किन के लिए नाइट क्रीम ऐसे बना सकती हैं। एलोवेरा जैल में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाकर बने मिश्रण को सोने से ठीक पहले चेहरे, गर्दन और खुली त्वचा पर लगा कर सो जाएं। सुबह उठते ही ताजे पानी से धो डालें। इससे आपकी स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय है तो नाइट क्रीम ऐसे बना सकती हैं। दो चम्मच एलोवेरा जैल में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और दो चम्मच मिल्क पावडर को मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। अपने चेहरे और गर्दन को साफ करके इस पेस्ट को स्किन पर लगाकर सो जाएं। सुबह ताजे पानी से इसे धो डालें। आप चाहें तो इस मिश्रण को ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट जार में फ्रिज में रख कर रोजाना रात्रि में उपयोग कर सकती हैं। ❀

डाइट सजेशन
राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए बॉडी इम्यूनिटी का स्ट्रॉन्ग होना जरूरी है। इसके लिए आपको अपनी डाइट का ध्यान रखना होगा। इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट, जानिए।

## रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट स्ट्रॉन्ग रहेगी इम्यूनिटी

बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढ़ जाती है। तापमान में उतार-चढ़ाव रहता है। ऐसे में वातावरण में कई तरह के बैक्टीरिया, वायरस, फंगस तेजी से पनपते हैं। यही कारण है कि इस दौरान सर्दी, जुकाम, वायरल फीवर, गले में खराश, पेट में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और त्वचा संबंधी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के दौरान खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाए तो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाया जा सकता है। इसके लिए खाद्य पदार्थों का चयन करते समय आपको जानना चाहिए कि कौन से ऐसे सुपरफूड्स हैं, जो इस मौसम में विटामिन, खनिज, एंटी ऑक्सीडेंट्स और अन्य जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में देते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक होते हैं।





**अदरक:** अदरक यूं तो कई लोग स्वाद के लिए हर मौसम में खाते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेट्री और एंटीऑक्सीडेंटिव गुण शरीर को संक्रमणों से लड़ने में मदद करता है। साथ ही यह हमारे पाचन को भी बेहतर बनाती है, जिससे पेट की समस्याओं से छुटकारा मिलता है। सर्दियों की तरह बारिश में भी अदरक वाली चाय गले को आराम पहुंचाती है और सर्दी-जुकाम से हमें छुटकारा दिलाती है।

**हल्दी:** हल्दी भी एक ऐसा सुपर फूड है, जिसका इस्तेमाल बारिश के दिनों में जरूर करना चाहिए। हालांकि हल्दी भारतीय रसोई का अभिन्न हिस्सा है। इसलिए अगर विशेष रूप से इस पर फोकस न भी किया जाए, तो भी हल्दी हम अकसर खाते ही रहते हैं। लेकिन बारिश के दिनों में इसे पूरी सजगता से अपने भोजन का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इसमें पाया जाने वाला करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट तत्व, यह सूजनरोधी गुणों के लिए जाना जाता है। मानसून में हल्दी वाला दूध पीना काफी फायदेमंद होता है। इससे शरीर की नियमित प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत बनी रहती है। कई शोधों से पता चला है कि हल्दी में रोग प्रतिरोध क्षमता होती है, लेकिन इसका इस्तेमाल संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए।



**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में पाचनतंत्र को स्वस्थ रखने में दही और छाछ भी बहुत सहायक हैं, लेकिन कई लोग बारिश के दिनों में दही खाने से बचते हैं। जबकि इसके खाने से आंतों में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ते हैं। पाचन भी बेहतर होता है और शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता को भी मजबूती मिलती है।

**मौसमी फल-सूखे मेवे:** मानसून में उपलब्ध कई फल विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं जैसे जामुन, नाशपाती, आलू बुखारा, सेब और अनार। ये खाने से शरीर को पोषण मिलने के साथ-साथ प्रतिरोधी तंत्र को भी मजबूती मिलती है। कोई भी फल हमेशा धोकर खाने चाहिए। ❀

### क्या खाएं-क्या न खाएं

- दिन में एक-दो बार तुलसीयुक्त हर्बल चाय पिएं।
- घर का बना ताजा और गर्म भोजन करें। बासी भोजन खाने से बचें।
- अत्यधिक तले, भुने खाद्य पदार्थ न खाएं। बाजारू चीजें खाने से बचें।
- बादाम, अखरोट, काजू और अन्य ड्राय फ्रूट्स खाएं।
- पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पिएं।

## खबर संक्षेप

### एसआई खेता सिंह की हार्ट अटैक से मौत

**हिसार।** आदमपुर पुलिस थाना में तैनात सब-इंस्पेक्टर खेता सिंह की सोमवार दोपहर ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मूल रूप से पुलिस लाइन निवासी खेता सिंह सुबह अपनी ड्यूटी पर गए थे, जहां दोपहर को अचानक चक्कर आने के कारण वे जमीन पर गिर गए। साथी कर्मचारी उन्हें तुरंत एम्बुलेंस से नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है, हालांकि सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा।

### रैंप के विवाद में घर में घुसकर हमला

**हिसार।** इंद्रा कालोनी में घर के बाहर बने रैंप को लेकर दो पड़ोसियों के बीच चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पीड़ित कुशल, जो एक निजी अस्पताल में कार्यरत है, ने बताया कि इसी विवाद के चलते पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ उनके घर में घुसकर माता-पिता से मारपीट की। जब कुशल ने बीच-बचाव और विरोध किया, तो हमलावरों ने उस पर तेजधार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### दुकानदार का फोन हैक कर उड़ाए 97,500

**हिसार।** शहर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां शातिरों ने एक कपड़ा व्यवसायी का फोन हैक कर उसके खाते से 97,500 रुपये साफ कर दिए। तेलियान पुल पर कपड़े की दुकान करने वाले कमला नगर निवासी गौरव ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जुलाई को साइबर ठगों ने उसका फोन हैक कर लिया। इसके बाद उनके खाते से चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन 37500, 37500, 7500 और 15000 रुपये कर पैसे ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नंद किशोर गोयनका के निधन पर जताया शोक

**हिसार।** हरियाणा नागरिक कल्याण परिषद ने वरिष्ठ समाजसेवी, अग्रोहा धाम के प्रमुख संस्थापक एवं एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता नंद किशोर गोयनका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। परिषद के पदाधिकारियों ने इसे समाज, शिक्षा, गौसेवा और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। परिषद के अध्यक्ष श्रेयांश जैन ने कहा कि नंद किशोर गोयनका का संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी और सामाजिक समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने अग्रोहा धाम के विकास, गौसेवा, शिक्षा और वैश्य समाज को संगठित करने के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।

### 18 को मंत्री गंगवा के आवास का होगा घेराव

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया। बैठक में 18 जुलाई को प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य प्रधान गंगा राम मौन ने बताया कि 18 जुलाई को प्रदेशभर से हजारों कर्मचारी प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव करेंगे।

### विकलांग अधिकार मंच का सम्मेलन 28 को

**नारनौंद।** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की नारनौंद ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक ब्लॉक प्रधान मास्टर सतीश माजरा की अध्यक्षता में संस्कृत महाविद्यालय नारनौंद में हुई। बैठक में राज्य के महासचिव ऋषिकेश राजली और जिला उप प्रधान सुबेसिंह लोहान भी पहुंचे। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव शकुंतला ने किया। बैठक में सर्व समिति से फैसले लेते हुए जिला उप प्रधान सुबेसिंह लोहान और ब्लॉक प्रधान मास्टर सतीश माजरा ने बताया कि 28 जुलाई को हिसार में एक दिवसीय सम्मेलन किया जाएगा।

## समाधान शिविर में उपायुक्त महेंद्र पाल ने सुनीं जनसमस्याएं

# तहसीलदार पर रजिस्ट्री करवाने के लिए बार-बार चक्कर कटवाने की शिकायत

**निर्माण कार्य में अनियमितता, एसडीएम को जांच के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

समाधान शिविर में सोमवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान करना है, इसलिए किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। समाधान शिविर में गांव मात्रश्याम निवासी संतोष कुमारी द्वारा गांव के जलघर में पानी न आने व तहसीलदार के पास रजिस्ट्री करवाने के लिए बार-बार चक्कर कटवाने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने एसडीएम को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर आगामी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। एक अन्य प्रार्थी द्वारा नगर परिषद बरवाला के अधिकारियों द्वारा के गली/चौक निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताओं, घटिया निर्माण सामग्री एवं सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच करने तथा भुगतान रोकने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम बरवाला को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव पीरांवाली निवासी स्वर्ण कौर द्वारा अपने मजदूर पति की सडक़ दुर्घटना के बाद समय पर इलाज न मिलने के कारण मृत्यु होने व मामले की जांच कर रहे पुलिस कर्मचारियों द्वारा तंग करने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मामले की सही तरीके से जांच सुनिश्चित करने को कहा। गांव आर्य नगर की ग्राम पंचायत ने बाढ़ के पानी की निकासी के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन के निर्माण कार्यों में उत्पन्न बाधाओं को दूर कर इनको जल्द पूर्ण करने की मांग पर उपायुक्त ने सिचांई विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर नागरिकों की समस्या का समाधान करने की हिदायत दी। इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। समाधान शिविर में जन शिकायतों की सुनवाई करते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**हांसी।** जिला सचिवालय स्थित एसडीएम सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम हिमांशु चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में बिजली निगम, विकास एवं पंचायत विभाग, नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर), सीआरआईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान गांव सिसाय निवासी कृष्ण ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद उनके मकान पर घरेलू बिजली कनेक्शन जारी नहीं किया जा रहा है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए सीटीएम ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के अधिकारियों को मामले की विस्तृत जांच करने तथा पात्रता के अनुसार शीघ्र घरेलू बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते किसान नेता अमरजीत मोहड़ी, मंदीप नथवान,

# ट्रेड डील के विरोध में उतरा किसान-मजदूर मोर्चा

## 17 को पीएम का फूंकेंगे पुतला

- 15 को सभी जिला मुख्यालयों पर मोटरसाइकिल मार्च निकालकर उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक सोमवार को जाट धर्मशाला में संपन्न हुई। भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के नेता बलजिंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, भाकियू अंबावता, भाकियू पेहवा और किसान मजदूर संगठन सहित करीब 10 प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में देश के वर्तमान आर्थिक एवं कृषि संकट पर गहन मंथन करते हुए आगामी बड़े आंदोलनों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के बाद संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए किसान नेता अमरजीत मोहड़ी, मंदीप नथवान, सतीश चेयरमैन और दिलबाग हुड्डा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में एक ऐसी ट्रेड डील करने की तैयारी कर रही है, जिससे देश का किसान, मजदूर और छोटा व्यापारी पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। मोर्चा ने ऐलान किया कि इसके विरोध में 17 जुलाई को प्रधानमंत्री के जींद आगमन पर पूरे प्रदेश में उनके पुतले फूंके जाएंगे। इसके साथ ही 15 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों पर मोटरसाइकिल मार्च निकालकर उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

### आंदोलन की तैयारी तेज

बताया कि 21 जुलाई दिल्ली के किसान घाट पर 'देश बचाओ मोर्चा' के कार्यक्रम में हरियाणा से हजारों किसान-मजदूर शामिल होंगे। इसके अलावा 25 जुलाई को गांव-गांव में जन-जागरण और आंदोलन को मजबूत करने के लिए विभिन्न जिलों में बड़े कन्वेंशन आयोजित किए जाएंगे। एक सितंबर को मोर्चा के सभी साथी रोहतक स्थित चौधरी छोटूराम संग्रहालय में एकत्र होकर वहां से टिकरी बॉर्डर तक विशाल मार्च निकालेंगे।

# गुजवि में नव शैक्षणिक सत्र शुभारंभ के अवसर पर हवन में डाली आहुतियां

- जम्भवाणी पाठ एवं पौधरोपण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान की ओर से नव शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर रविवार रात्रि भव्य जागरण तथा सोमवार प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार एवं जम्भवाणी के पावन पाठ के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन के मुख्य यजमान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धार्मिक अध्ययन संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. किशनाराम बिश्नोई ने की। वैदिक यज्ञ का संचालन स्वामी डॉ. सच्चिदानंद आचार्य एवं श्री नेकीराम ने पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रामस्वरूप, सहायक आचार्य, गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान अर्जन का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी महत्वपूर्ण मंच है।



हिसार। हवन यज्ञ में आहुति डालते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व अन्य।

### गोपुत्र दल की राष्ट्रीय बैठक में किया मंथन

**हिसार।** अग्रोहा मोड़ स्थित ओम लाइब्रेरी में गोपुत्र दल की पहली राष्ट्रीय बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील क्रांतिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय मार्गदर्शक कुल्लू गिरी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। गौमाता वंदना एवं मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बैठक के दौरान गौपुत्र दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें रोहताश बाबा को राष्ट्रीय संरक्षक, सुनील क्रांतिकारी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, विकास योगी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कुल्लू गिरी महाराज को राष्ट्रीय मार्गदर्शक, रवि भार्गव को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, पवन महता एवं राजीकरण स्वदेशी को राष्ट्रीय सचिव, अमन हिन्दू को राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, अमनदीप को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

# पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शहीद उधम सिंह क्रिकेट स्टेडियम में छात्र कल्याण निदेशालय, भू-दृश्य संरचना इकाई व एचएयू क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब प्रत्येक व्यक्ति लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी सुनिश्चित करे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने में सभी की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ।

# श्री जगन्नाथ भगवान जी की रथ यात्रा 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बीड़ बबरान युवा समिति द्वारा श्री जगन्नाथ भगवान जी की रथ से 19 जुलाई को नई अनाज मंडी से आरंभ होगी। जगन्नाथ पुरी धाम से जगन्नाथ भगवान के विग्रह हिसार लाए गए है जोकि रथ पर सवार हो कर नगर भ्रमण करेंगे। शनिवार 18 जुलाई को नैत्र उत्सव, 19 जुलाई को प्रातः चंदन उत्सव व दोपहर 3:00 बजे विशाल रथ यात्रा और 20 जुलाई को सुबह श्री जगन्नाथ भगवान जी की बुधला संत मंदिर में विदाई होगी। यह जानकारी अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने सोमवार को निजी होटल में पत्रकार वार्ता में दी। गर्ग ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ यात्रा के साथ खाटू श्याम जी की विशेष झांकी निकाली जाएगी। भगवान श्री जगन्नाथ जी व श्री खाटू श्याम जी के रथ को कोलकाता के कलाकारों द्वारा भव्य रूप से सजाया जाएगा। इस अवसर पर शिव कुमार सिंगल, मनीष बंसल, करण गर्ग, जोनी गोयल, पारुल आहूजा, मोहित बंसल अजीतपुरिया, नवीन गोयल, संजय गोयल, ऋषभ बंसल, ध्रुव सिंगला, भूपेश बंसल, मुकुंद भुतड़ा, निखिल अग्रवाल, विपुल गोयल, आशीष जैन आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग पत्रकार वार्ता करते हुए।

### बारिश में मकान का छज्जा टूटा, हादसा टला

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव राजथल में बारिश के कारण एक मकान का छज्जा टूट कर नीचे गिर गया। मकान के नीचे खड़े पशु बाल बाल बच गए। तुरंत ही मलबे को हटाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को तेज हवाओं के बारिश हुई। बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन गांव के दलबीर के मकान का छज्जा टूटकर नीचे गिर गया। वहां पर खड़े पशु इस हादसे में बाल बाल बच गए। कुछ पहले के गली में छोटे बच्चे बारिश में स्नान कर रहे थे और वो बार यहां पर आ रहे थे कुछ ही देर बाद ये गिर गया। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर इक्कठे हो गए और सारा मलबा गली से हटाया। पीड़ित परिवार ने सरकार से सहायता की गुहार लगाई है।



### मोदी के दौरे को लेकर पूर्व मंत्री ने बैठक ली

**हिसार।** भाजपा हिसार विधानसभा की एक बैठक सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ एवं हिसार के मेयर प्रवीण पोपली विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली देश की आधुनिक हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन किया गया है। अब हिसार जिले की नलवा, आदमपुर और उकलाना विधानसभा के कार्यकर्ता जींद की रैली में भाग लेंगे, जबकि हिसार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित डिजिटल समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# ओपी राठी बने प्रदेश सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष, स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फरीदाबाद में रविवार को आयोजित हरियाणा पंजाब हिमाचल एवं जम्मू-कश्मीर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवं प्रादेशिक सेवा ट्रस्ट के चुनाव सर्वसम्मति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। हिसार माहेश्वरी सभा के लिए से ओपी राठी को सर्वसम्मति से प्रादेशिक सेवा ट्रस्ट का अध्यक्ष चुना गया। प्रादेशिक सेवा ट्रस्ट समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य करता है। राठी लंबे समय से समाज सेवा में सक्रिय हैं। हिसार से ललित राठी को प्रदेश सभा का संयुक्त मंत्री तथा हरिकिशन परवाल एवं श्री आनंद बिहानी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित उद्योगपति त्रिभुवन काबरा, अशोक सोमानी, प्रवीण सोमानी, राजकुमार काल्या तथा बाबूलाल मोहता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## जिला पुलिस की नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

# एनडीपीएस मामलों में 115 फीसदी वृद्धि, 141 तस्कर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्ष 2026 में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज करते हुए नशा तस्करों के नेटवर्क पर शिकंजा कसा है। पुलिस के अनुसार इस वर्ष एक अप्रैल से 12 जुलाई के बीच एनडीपीएस अधिनियम के तहत 88 मामले दर्ज किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 41 थी। इस तरह मामलों में करीब 115 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि इस अवधि में 139 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि वर्ष 2025 में 94 तस्करों की गिरफ्तारी हुई थी। इसके अलावा पिछले वर्ष के दो वांछित आरोपियों को भी इस साल गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार कुल 141 नशा तस्करों को कानून के शिकंजे में लाया गया है। पुलिस ने अभियान के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ भी बरामद किए हैं। इनमें 6.395 किलोग्राम अफीम, 4.550 किलोग्राम चरस, 17.838 किलोग्राम गांजा, 1.889 किलोग्राम हेरोइन के अलावा 480 ट्रामाडोल कैप्सूल, 240 अल्प्राजोलम टैबलेट, 60 एटिजोलम टैबलेट तथा अन्य नशीली दवाइयां शामिल हैं।



### सीआईए ने अंतरराज्यीय एटीएम चोरी गिरोह पकड़ा

**हिसार।** सीआईए पुलिस टीम ने एटीएम मशीन को काटकर नकदी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के पिपरिया जिला के गांव बिरदौल निवासी पांडू उर्फ चन्द्रराम व राजस्थान के झुंझनु के गांव सिसासा में रह रहे हरिया उर्फ कालूराम के रूप में हुई है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि इस संबंध में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित एसबीआई के एटीएम से मशीन को काटकर करीब 3 लाख 38 हजार 200 रुपये चोरी किए जाने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एटीएम कक्ष का ताला तोड़कर मशीन की कैश वेंडिंग यूनिट को काटकर नकदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

**खबर संक्षेप**

## बिश्नोई के अपमान पर कांग्रेस आक्रोशित

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई के साथ हुए व्यवहार को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह केवल कुलदीप बिश्नोई का नहीं, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल की विरासत, उनके परिवार और करोड़ों समर्थकों का अपमान है। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का निर्माण कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वर्गीय चौ. भजनलाल के नेतृत्व में हुआ था। यह विश्वविद्यालय उनकी दूरदर्शी सोच और हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।


बृजलाल बहबलपुरिया।

## अभिभावकों को दी शैक्षणिक जानकारी

**हिसार।** बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कार्यरत जैन महावीर फ्री स्टडी सेंटर (जेएमसी) व आचार्य महाप्रज्ञ नॉलेज सेंटर (एएमकेसी) द्वारा मार्गदर्शन के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में 120 अभिभावकों व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बैठक के दौरान जेएमसी के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के अप्रैल, मई एवं जून माह के शैक्षणिक प्रदर्शन, उपस्थिति, अनुशासन एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी। साथ ही बताया गया कि जेएमसी व एएमकेसी में 9वीं से 12वीं (सभी संकायों) कक्षा के विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट एवं कंप्यूटर कोर्स भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। अभिभावकों ने संस्थान की शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया।

## बुजुर्गों के लिए गंगा स्नान बस यात्रा हरिद्वार रवाना

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति की ओर से ऋषि नगर स्थित समिति कार्यालय से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में निःशुल्क गंगा स्नान बस यात्रा को हरिद्वार के लिये रवाना किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स ने झंडी दिखाकर रवाना किया व गंगा स्नान के लिए जा रहे बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के रुप में नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली उपस्थित हुए। सभी अतिथियों का समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा व अन्य सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया। बस रवाना करने से पूर्व पूजा अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर पार्षद भीम महाजन, पूर्व पार्षद पंकज दीवान, सुशील शर्मा, सिद्धार्थ गौड़, विकास गौड़, राजेश भारद्वाज, बलवान शर्मा एडवोकेट, नरेन्द्र शर्मा पटवारी, पं. राममेहर शास्त्री सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## अवैध देसी शराब की 14 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने एक युवक को 14 बोतल अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वार्ड नंबर 6 निवासी राहुल के रूप में हुई है। अनाज मंडी पुलिस चौकी प्रभारी पीएसआई अनिल कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान सूचना मिली कि वार्ड नंबर-6 निवासी राहुल अवैध शराब बेचने का धंधा करता है और सेक्टर-5 से हाउसिंग बोर्ड की ओर अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर सूचना के अनुसार हाथ में बैग लिए आ रहे युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो आरोपी के बैग से अवैध देसी शराब 14 बोतल बरामद हुई।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया शिलान्यास

# हिसार, अग्रोहा व टोहाना रोड पर बनेंगे भव्य स्वागत द्वार

*17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में पहुंचने का किया आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को बरवाला में सौंदर्यकरण और विकास को नई पहचान देने वाली महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने हिसार, अग्रोहा व टोहाना रोड पर बनने वाले भव्य स्वागत द्वार की नींव रखते हुए कहा कि इन स्वागत द्वारों के निर्माण से बरवाला की पहचान और अधिक सुदृढ़ होगी तथा नगर में प्रवेश करने वाले लोगों को एक आकर्षक और आधुनिक प्रवेश द्वार मिलेगा।

यह परियोजना शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ बरवाला की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को भी नई मजबूती देगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि लगभग 84 लाख रुपये की लागत से टोहाना रोड पर स्वागत द्वार का निर्माण होगा। इसी प्रकार से लगभग 98 लाख 31 हजार 500 रुपये की लागत से अग्रोहा रोड तथा 77 लाख 5 हजार रुपये की लागत से हिसार रोड पर स्वागत द्वारा का निर्माण किया जाएगा। इन स्वागत द्वार के अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री ने लगभग 3 करोड़ 40 लाख 70 हजार रुपये की लागत से बरवाला-टोहाना रोड पर बने स्वर्ग आश्रम में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर बरवाला नगर परिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीण सैनी, रोशन घनघस, सुरेश गोयल, मोनू संदूजा, रामपाल धानक, पार्षद राजा मेहता, संजय वाल्मीकि, ज्योति बंसल आदि उपस्थित रहे।


बरवाला। स्वागत द्वार के निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जींद रैली में पहुंचने की अपील की

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि उक्त कार्यों के अलावा बरवाला नगर परिषद क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से पार्क निर्माण, लेबर शेड, स्वच्छता, गलियों व सड़कों के निर्माण तथा पुस्तकालयों के निर्माण जैसे अन्य कार्य भी जनता को समर्पित किए गए हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाल जनसभा कार्यक्रम में क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने का आह्वान किया।


हांसी। बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना।

## हांसी में बनेगा 10.84 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक बहुउद्देशीय हॉल

- पुरानी कचहरी परिसर में मिलेगा आधुनिक आयोजन स्थल

**हांसी।** शहर को जल्द ही एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय हॉल की सौगात मिलने जा रही है। करीब 10 करोड़ 84 लाख 71 हजार रुपये की लागत से बनने वाला यह आधुनिक भवन पुरानी कचहरी परिसर में तैयार होगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक और सरकारी आयोजनों के लिए शहरवासियों को एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध होगा। विधायक विनोद भयाना ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास पर लगातार कार्य कर रही है। हांसी का यह बहुउद्देशीय हॉल भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़े स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### 39,973 वर्ग फुट क्षेत्र में बनेगा भवन

लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 39,973 वर्ग फुट क्षेत्र में इस भवन का निर्माण कराया जाएगा। भवन का डिजाइन वर्तमान जरूरतों के साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एक ही परिसर में सुचारू रूप से आयोजित किए जा सकें। भवन के भूतल पर 225 लोगों की क्षमता वाला अत्याधुनिक बहुउद्देशीय हॉल बनाया जाएगा। इसके अलावा प्री-फंक्शन एरिया, अतिथि कक्ष, आधुनिक रसोईघर, पैंट्री, स्टोर, वॉशिंग एरिया, किचन कोर्टयार्ड, लिफ्ट और शौचालय ब्लॉक जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।


हांसी। नई अनाज मंडी में जीर्णोद्धार कार्य का नारियल तोड़कर कर शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

## 109.98 लाख की विकास परियोजना का शुभारंभ

- नई अनाज मंडी की आंतरिक सड़कों व शेडों के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ
- किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, 10 माह में पूरा होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

क्षेत्र के किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक विनोद भयाना ने रविवार को 109.98 लाख रुपये की लागत से नई अनाज मंडी एवं अतिरिक्त अनाज मंडी में आंतरिक सड़कों और शेडों के जीर्णोद्धार कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा स्वीकृत इस विकास परियोजना से मंडी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ कृषि उपज के आवागमन और भंडारण व्यवस्था को भी अधिक सुगम बनाया जाएगा। विधायक ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्माण एवं मरम्मत कार्य को 10 माह की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष दिनेश धवन, सचिव बसाउ राम, विजेन्द्र सिंह, मुकेश बंसल, जस्सी मक्कड़, अशोक दलिया सहित अनेक आढ़ती, किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल उद्घाटन

विधायक विनोद भयाना ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में लगभग 35.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का विधिवत उद्घाटन किया। इस आधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में एक समय में 50 अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। हॉल को नवीनतम तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल नरवाल, एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हिमांशु चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर, विधायक विनोद भयाना ने बीडीपीओ कार्यालय परिसर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी, हांसी के नए कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान, दिव्यांगजन सहायता एवं सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# ट्रक यूनियन भूमि पर जांच शुरू

- शिकायत पर जांच करने पहुंची सीएम फ्लाइंग की टीम
- सीएम फ्लाइंट टीम ने सभी तथ्यों की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नई अनाज मंडी के समीप स्थित भाईचारा ट्रक यूनियन की जमीन पर कथित अवैध कब्जा एवं दुकानदारों से अवैध वसूली किए जाने की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना व उनकी टीम ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। टीम ने शिकायत के सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी गयी है। सरकार को लोगों ने एक लिखित शिकायत भेजी गई थी।


हिसार। जांच के लिए पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो : हरिभूमि

### कब्जे के कारण लोगों को हो रही परेशानी

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ व्यक्तियों ने यूनियन की भूमि पर निर्माण सामग्री (रेत-बजरी) विक्रेताओं को प्लॉट आवंटित कर रखे हैं तथा उनसे नियमित रूप से अवैध वसूली जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी विवाद को लेकर दुकानदारों और स्थानीय लोगों के बीच लड़ाई झगड़े होने के आरोप लगाए गए हैं। सरकार से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, यूनियन की भूमि पर यदि किसी प्रकार का अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे हटाया जाए तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## निगम ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान चलाएगा। शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) मुख्यालय के निर्देशानुसार शुरू किए गए इस अभियान के तहत पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान, कचरा प्रबंधन और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि 13 से 19 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान के दौरान नगर निगम के सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किए जाएंगे। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा ताकि घरों से निकलने वाला कचरा समय पर उठाकर निर्धारित स्थान तक पहुंचाया जा सके।

# हिसार को यमुना से अतिरिक्त पानी दिलाएं

- संयुक्त जल संघर्ष समिति को मंत्री ने दिया आश्वासन, मांगों को पूरा करवाने का करेंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

संयुक्त जल संघर्ष समिति ने हिसार को यमुना सिस्टम से अतिरिक्त पानी दिलवाने के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा से मुलाकात करके उन्हें इस संबंध में अवगत कराया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में पश्चिम यमुना नहर में पानी उनकी चैनलों की आपूर्ति से बहुत ज्यादा है। सिरसा ब्रांच व हांसी ब्रांच से अतिरिक्त पानी लेकर हिसार और भिवानी जिलों के टेल एरिया को अतिरिक्त पानी दिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 गांव को पम्प हाउस से पानी देने के लिए प्रोजेक्ट चालू है जिस पर विभाग के करीब 26 करोड़ रूपये खर्च हो चुके हैं, उसके बावजूद 6 गांव किरतान, बालसमंद, बुड़ाक, सरसाना, बासड़ा व गोरछी आदि किसी भी गांव में पानी की पूर्ति नहीं हो रही है।


हिसार। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिलते संयुक्त जल संघर्ष समिति पदाधिकारी।

### पानी चोरी रोकने के लिए स्पेशल पेट्रोलिंग लगाने की मांग

समिति ने कहा कि बालसमंद ब्रांच और बरवाला ब्रांच में 100 क्यूसिक पानी चोरी हो रहा है। उसके लिए स्पेशल पैट्रोलिंग लगाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त जल संघर्ष समिति और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई जाए और भाखड़ा बरवाला ब्रांच को जगह-जगह अवैध पैंचर करके जो पानी टेल एरिया का था उसे काटा जा रहा है। इसलिए अवैध पेंचर रोका जाए।

## एसजीपीसी अमृतसर मैंबर बीबी अमरजीत कौर ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

- हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

**हिसार।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) के पूर्व सदस्य सरदार सुखसागर सिंह के डाबड़ा चौक स्थित आवास पर हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद संवेदनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में मैंबर एसजीपीसी श्री अमृतसर बीबी अमरजीत कौर विशेष रूप से पंजाब से हिसार पहुंचीं और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में अपना समर्थन व्यक्त किया। मैंबर एसजीपीसी श्री अमृतसर बीबी अमरजीत कौर ने सरदार सुखसागर सिंह के आवास पर पहुंचकर अग्निकांड से हुए व्यापक नुकसान का निरीक्षण किया तथा परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा सिख समाज सरदार सुखसागर सिंह और उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि समाज की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# नि:शुल्क अस्पताल की सुविधाएं होंगी दोगुनी : डॉ. रमेश आर्य

- भाविप वीर शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत विकास परिषद की वीर शाखा, हिसार का दायित्व ग्रहण समारोह शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय संगठन सचिव कमलेश गर्ग ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विनोद जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला समन्वयक ऋषिराज बुड़ाकिया ने नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष डॉ. रमेश आर्य, सचिव प्रो. सुनील कुमार और कोषाध्यक्ष संजय भ्याणा को परिषद के प्रति निष्ठा एवं दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान /"बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ/" अभियान के अंतर्गत सामाजिक सरोकार निभाते हुए मुख्य अतिथि विनोद जैन और प्रो. विवेक श्रीवास्तव ने अपने निजी कोष से 16 जरूरतमंद स्कूली छात्राओं को दो-दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इसके साथ ही, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा रितिका एवं उनके परिवार को सम्मानित करते हुए 5,100 रुपये की सम्मान राशि भेंट की गई।


हिसार। सम्मानित करते अतिथिगण एवं भाविप की वीर शाखा के पदाधिकारी।

### सेवा और संस्कार पर दिया जोर

नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष डॉ. रमेश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वीर शाखा आगामी सत्र में अपने सेवा कार्यों का दायरा और बढ़ाएगी, जिसके तहत परिषद द्वारा संचालित निशुल्क अस्पताल की सुविधाओं को दोगुना किया जाएगा। वहीं, प्रांत महासचिव रामनिवास वर्मा ने परिषद के सेवा, संस्कार और समर्पण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और क्षेत्रीय संगठन सचिव कमलेश गर्ग ने जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली भारत को जानो प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए सदस्यों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।


हिसार। हिन्दी साहित्य अकादमी के उप सचिव ऋषि कुमार शर्मा हास्य कवि जयभगवान लाडवा को सम्मानित करते हुए।

## हास्य कवि जयभगवान लाडवाल हुए सम्मानित

**हिसार।** करनाल में 'सांझा मंच' की तरफ से साहित्यकारों को सम्मानित किया गया जिसमें पांच राज्यों के 37 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया जिनमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल से साहित्यकार पहुंचे। इसमें जयभगवान लाडवाल को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ईसर सिंह तांघ साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिन्दी साहित्य अकादमी के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# डीएचबीवीएन ने बढ़ाया सौर ऊर्जा उत्पादन

- 40 सौर ऊर्जा संयंत्र चालू, अगले 31 मार्च तक 105 .75 मेगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने प्रधानमंत्री-कुसुम (पीएम-कुसुम) योजना के कंपोनेंट-ए के तहत सौर ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 69.25 मेगावाट तक पहुंचा दी है। हाल ही में सात नए सौर ऊर्जा संयंत्रों के चालू होने से निगम के अंतर्गत संचालित सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को नारनौल सर्किल में चार सौर ऊर्जा संयंत्र (कुल क्षमता 8 मेगावाट) तथा इससे पूर्व 7 जुलाई को भिवानी सर्किल के गांव सिवानी एवं पिंजोखरा स्थित 33 केवी सब-स्टेशनों खेड़ा और पिंजोखरा से जुड़े तीन सौर ऊर्जा संयंत्र (कुल क्षमता 5 मेगावाट) सफलतापूर्वक चालू किए गए। इन सातों संयंत्रों के शुरू होने के साथ ही डीएचबीवीएन ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब तक 61 सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) निष्पादित किए जा चुके हैं। इन परियोजनाओं की कुल प्रस्तावित क्षमता 105.75 मेगावाट है। निगम शेष परियोजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा कर रहा है, ताकि 31 मार्च 2027 तक सभी स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा कर उन्हें राज्य के विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया जाए। विक्रम सिंह ने कहा कि डीएचबीवीएन अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



हिसार। योजना के तहत लगाया गया सोलर सिस्टम। फोटो : हरिभूमि

## एचएयू में राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार वितरण समारोह कल

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की ओर से 15 जुलाई को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के एसीएस अपूर्व कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। राज्य स्तरीय समारोह में 57 एनएसएस वालंटियर को मुख्य अतिथि पुरस्कार प्रदान करेंगे।

# भाविप के रक्तदान शिविर में 64 यूनिट रक्त एकत्रित

- स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन, दो दंपतियों ने साथ किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भारत विकास परिषद द्वारा सोमवार को परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती एवं परिषद के 64वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को मंगलम ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 64 यूनिट रक्तदान किया। एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। शिविर की विशेष बात यह रही कि दो दंपतियों ने एक साथ रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कविता जांगड़ा-नरेन्द्र जांगड़ा तथा आशा रानी-प्रमोद धमीजा ने दंपति के रूप में रक्तदान कर स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। परिषद की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद के संयुक्त महामंत्री (उत्तर क्षेत्र-2) कमलेश कुमार गर्ग ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।